

# एक साथ उपचार ढूंढें

एशियाई समुदायों में लोगों के लिए क्लिनिकल अनुसंधान की जानकारी।

## क्लिनिकल परीक्षण महत्वपूर्ण क्यों हैं?


उपचार या वैक्सीन काम करते हैं या नहीं और कितने सुरक्षित इनके अध्ययन के लिए क्लिनिकल परीक्षण सबसे बढ़िया तरीका होते हैं। क्लिनिकल परीक्षण यदि नया उपचार काम करता है और सुरक्षित है यह दर्शाता है, तो यह जरुरतमन्द लोगों के उपयोग के लिए अनुमोदित किया जा सकता है।

> क्लिनिकल परीक्षण में भाग लेना यह आपका मत है। सबसे उचित निर्णय लेने के लिए, परीक्षण के जोखिम, फायदे, और यह किस तरह से आपके दैनिक जीवन पर प्रभाव डालता है यह जानना जरूरी है।

उपचार सह परीक्षण जो पहले से अनुमोदित हैं जैसे कई अलग प्रकार के क्लिनिकल परीक्षण भी होते हैं।

## क्लिनिकल परीक्षण में विवधतापूर्ण प्रतिभागी क्यों होने चाहिए?

उपचार या वैक्सीन भिन्न उम्र, लिंग, जाति या नस्ल के लोगों में अलग-अलग प्रकार से प्रभाव डाल सकती है। नए उपचार किस तरह से काम करते हैं और क्या वे किन समुदायों के लोगों के लिए सुरक्षित हैं, यह जानने के लिए अलग-अलग एशियाई समुदायों के लोगों का क्लिनिकल परीक्षणों में शामिल होना महत्वपूर्ण है।




## क्लिनिकल परीक्षणों में एशियाई समुदायों के लोगों को दर्शाया क्यों नहीं किया गया है?

### भाषा की बाधा

आपके पास क्लिनिकल परीक्षण स्टाफ से अपनी पसंद की भाषा में बात करने का अधिकार है। आप दुभाषिए के लिए अनुरोध कर सकते हैं या अपनी पसंद की भाषा में दस्तावेजों के लिए अनुरोध कर सकते हैं। अपने साथ परिवार के सदस्यों को भी ला सकते हैं।

### सांस्कृतिक सरोकार

कुछ लोग सांस्कृतिक सरोकार या उनके समुदाय की नकारात्मक प्रतिक्रिया के डर (लॉग क्या कहेंगे) के कारण क्लिनिकल परीक्षण में भाग नहीं लेते। हालांकि आपको अपने परिवार के सदस्यों और भरोसेमंद लोगों के साथ अपने स्वास्थ्य पर विचार करना चाहिए, लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने लिए सबसे उचित निर्णय लें।

### क्लिनिकल अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवा पर अविश्वास

भेदभाव के कारण कुछ लोग कभी-कभी डॉक्टरों, अनुसंधानकर्ताओं या स्वास्थ्य सेवा सिस्टम पर भरोसा नहीं करते हैं। दूसरों को यह चिंता होती है कि अनुसंधान से समुदाय को लाभ नहीं होगा, या समुदाय को अनुचित रूप से प्रस्तुत किया जाएगा।

कानूनों और दिशानिर्देशों में बदलाव के कारण अनुसंधानकर्ता समुदायों के साथ काम करने और विश्वास की कमी के कारणों को दूर करने के लिए प्रेरित हुए हैं। उदाहरण के लिए, कुछ अनुसंधानकर्ता परीक्षण परिणामों प्रतिभागियों और लोगों के लिए एक्सेस करने और समझने में आसान बना रहे हैं।



### भाग लेने पर आपको कैसे सुरक्षित रखा जाएगा?

संघीय कानून क्लिनिकल परीक्षण प्रतिभागियों की सुरक्षा की रक्षा करते हैं। क्लिनिकल परीक्षणों को:

- कानूनों और दिशानिर्देशों का पालन करना होगा जो यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षण नैतिक हैं
- सूचित सहमति की प्रक्रिया को शामिल करना होगा, जिसमें परीक्षण से पहले से लोगों को परीक्षण के बारे पूरी जानकारी डी जाएगी, ताकि वे भाग लेने के लिए सहमति दे सकें।
- एक विशेषज्ञ समूह जिसे संस्थागत रिव्यू बोर्ड (IRB) कहा जाता है इनके द्वारा अनुमोदित किया जाना होगा, जो यह सुनिश्चित करने में मदद करता है कि परीक्षण यथासंभव निष्पक्ष और सुरक्षित है

जब आप परीक्षण में भाग लेने के लिए **सूचित सहमति** फॉर्म पर साइन करते हैं, आप अपने अधिकार **नहीं** खोते। क्लिनिकल परीक्षण में भाग लेना वैकल्पिक है। आप किसी भी समय किसी भी कारण से परीक्षण छोड़ सकते हैं परीक्षण स्टाफ आपको यह सुरक्षित रूप से करने में सहायता करेंगे।



**एशियाई समुदायों के लोग** सैकड़ों भाषाएं बोलते हैं और पूर्वी एशिया दक्षिण एशिया, दक्षिण पश्चिम एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया, साथ ही हवाई और अन्य प्रशांत द्वीपों के लगभग 50 देशों से आते हैं इस विविधता के कारण, ऐसा हो सकता है कि इस ब्रोशर के कुछ भाग आप पर लागू न हों।

## जोखिम और लाभ क्या हैं?

### संभावित जोखिम

- हो सकता परीक्षण के उपचार से आपको मदद न मिले।
- परीक्षण के उपचार से आपको साइड-इफेक्ट्स (दुष्प्रभाव) हो सकते हैं।
- बार-बार आपका टेस्ट करने या खून निकालने की आवश्यकता हो सकती है
- भाग लेने के लिए आपको समय निकालने की आवश्यकता हो सकती है।

### संभावित लाभ

- आप अनुसंधानकर्ताओं को यह जानने में मदद करेंगे कि उपचार आपके समुदाय को कैसे प्रभावित करता है।
- आपकी स्थिति के लिए आप उन्नत उपचारों पहले प्राप्त कर सकते हैं।
- जब कोई अनुमोदित उपचार मौजूद नहीं है, तब आप उपचार पा सकते हैं।
- परीक्षण डॉक्टरों और नर्सों द्वारा आपके स्वास्थ्य पर नजर रखी जा सकती है।

प्रत्येक क्लिनिकल परीक्षण अलग होता है और इसके अलग-अलग जोखिम और लाभ होते हैं। परीक्षण आपको कैसे प्रभावित कर सकता है यह अपने डॉक्टर से पूछें। आप अपने परिवार के सदस्यों, भरोसेमंद मित्र, या अपने विश्वासनीय समुदाय के सदस्यों के साथ भी चर्चा कर सकते हैं।


## शामिल होने के लिए अन्य तरीके कौनसे हैं?

अपने समुदाय पर सकारात्मक प्रभाव डालने और भविष्य की पीढ़ी की मदद करने के लिए क्लिनिकल परीक्षण में शामिल होना सिर्फ एक तरीका है। शामिल होने के लिए अन्य तरीके ये हैं?

- अवलोकन संबंधी अध्ययन के लिए वालन्टीयर करें जो केवल स्वास्थ्य डेटा एकत्र करता है।
- एक “स्वस्थ वालन्टीयर” के रूप में परीक्षण में भाग लें ताकि अनुसंधानकर्ता मरीजों को देने से पहले शरीर में एक नया उपचार कैसे काम करता है, इस पर डेटा एकत्र कर सकें।
- एक संस्थागत समीक्षा बोर्ड या रोगी सलाहकार बोर्ड पर बैठें।
- अपने परिवार और मित्रों से बात करके अपने समुदाय में क्लिनिकल अनुसंधान के बारे में जागरूकता बढ़ाएं।

## आप अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकते हैं?

मरीज सहायता समूह आपकी स्थिति के लिए क्लिनिकल परीक्षणों के बारे में आपको जानकारी दे सकते हैं। यदि आप वर्तमान क्लिनिकल परीक्षणों के बारे में जानना चाहते हैं, तो **1-877-MED-HERO** पर कॉल करें




इस ब्रोशर में निहित मुद्दों पर अधिक जानकारी पाने के लिए, और ब्रोशर के अनुवाद के लिए, इस लिंक पर जाएं: findingtreatmentstogether.org

CISCRP COMMUNITY COLLABORATION

इस ब्रोशर को अलग-अलग समुदायों के लोगों और विविध समूह के साथ कार्य करनेवाले अनुभवी विशेषज्ञों के साथ मिलकर सह-विकसित किया गया है।

मरीजों, लोगों, और स्वास्थ्य पेशेवरों के साथ मिलकर इसका टेस्ट और रिव्यू भी किया गया है। उन सभी ने यह स्पष्ट, निष्पक्ष और सांस्कृतिक रूप से उचित है या नहीं यह सुनिश्चित करने में सहायता प्रदान की।

CISCRP

CISCRP स्वतंत्र नॉन-प्रॉफ़िट संगठन है जो क्लिनिकल अनुसंधान प्रक्रिया में जनता और मरीजों को प्रतिभागी के रूप में शामिल करता है।

क्लिनिकल परीक्षणों के लिए CISCRP मरीजों को नियुक्त नहीं करता और क्लिनिकल अनुसंधान नहीं करता है। CISCRP क्लिनिकल अनुसंधान प्रतिभागिता पर जानकारी और अध्ययन केंद्र के रूप से भी जाना जाता है।

www.CISCRP.org पर जाएं या टोल फ्री कॉल करें - 1-877-633-4376

© 2023 क्लिनिकल अनुसंधान प्रतिभागिता पर जानकारी और अध्ययन केंद्र